This question paper contains **2** printed pages]

F—59—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2017

(New Course)

HINDI

Paper XIII

(आधुनिक कविता भाग-2)

(Friday, 21-4-2017) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) ''कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग़ मयस्सर नहीं शहर के लिए।'' 10

अथवा

''किंतु युग बदला व आया कीर्ति व्यवसायी,
………… लाभकारी कार्य में से धन, व धन में से हृदय-मन,
और धन-अभिभूत अंतःकरण में से
सत्य की झाईं, निरंतर चिलचिलाती थी।''

(आ) ''बीस साल बाद, मैं अपने-आप से एक सवाल करता हूँ
जानवर बनने के लिए कितने सब्र की जरूरत होती है ?
और बिना किसी उत्तर के चुपचाप आगे बढ़ जाता हूँ।'' 10

अथवा

''तुम बढ़ो, प्लावन तुम्हारा घरघराता उठे,
यह स्रोत स्विती ही कर्मनाशा कीर्तिनाशा घोर,
कल-प्रवाहिनी बन जाए।''

2. ''कुर्सियाँ वही हैं सिर्फ टोपियाँ बदल गई हैं'' ऐसा धूमिल क्यों कहते हैं ? पटकथा कविता के आधार से स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

'असाध्य वीणा' कविता के आशय को स्पष्ट करते हुये कविता के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

P.T.O.

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FC8C6614

3. टिप्पणियाँ लिखिए : 20

(अ) 'हिरोशिमा' कविता में व्यक्त भाव-संवेदना।

अथवा

जनतंत्र के सूर्योदय में चित्रित राजनीतिक वादों की सत्यासत्यता।

(आ) 'साए में धूप' ग़ज़लों में व्यक्त राजनीतिक व्यंग।

अथवा

'लकड़ी का रावण' में चित्रित सत्तासंघर्ष।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) कवि त्रिलोचन हिंदी सॉनेट के जन्मदाता हैं, स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) नागार्जुन का साहित्य जनवादी चेतना का दस्तावेज है, रेखांकित कीजिए।

(*iii*) दूसरे सप्तक के कवि भवानी प्रसाद मिश्र के जीवन और कार्य को स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) रघुवीर सहाय के जीवन कार्य पर प्रकाश डालिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) रघुवीर सहाय के पिता का नाम क्या था ?

(*ii*) नागार्जुन का जन्म कहाँ हुआ ?

(*iii*) 'आत्महत्या के विरुद्ध' काव्य संग्रह किसने लिखा ?

(*iv*) कवि अरुण कमल की माता का नाम क्या है ?

(*v*) उग्रतारा उपन्यास के लेखक का नाम क्या है ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'सीढ़ियों पर धूप' यह कविता .... की है।

(*ii*) कवि त्रिलोचन का जन्म .... इ.स. में हुआ।

(*iii*) गीत फ़रोश कविता .... ने लिखी है।

(*iv*) 'उग्रतारा' उपन्यास के लेखक .... हैं।

(*v*) .... को 'जनवादी कवि' कहा जाता है।

E80BD691CFC3C57DDDECEC82FC8C6614